... सिर्फ सच का साथ

जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 03 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 116 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

दो मुठभेड़ : 14 ढेर

नक्सलियों से लड़ाई में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

● मौके से एके-47 और इंसास राइफल बरामद

बीजापुर। आज शनिवार को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 14 नक्सली मारे गए। बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों ने 14 माओवादियों के शव बरामद किए। इनमें से दो बीजापुर जिले के और 12 सुकमा जिले के थे। बस्तर के दक्षिणी हिस्सों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीमें क्षेत्र में तैनात की गईं। बीजापुर में सुबह लगभग 5:00 बजे से और सुकमा में सुबह 8:00 बजे से डीआरजी और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। जानकारी के अनुसार आज (शनिवार) सुबह छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। सुकमा के किस्टाराम इलाके में 12 और बीजापुर में 2 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर में मारे गए दो नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बीजापुर में माओवादियों की मौजूदगी की इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया। डीआरजी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान शनिवार तड़के नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुबह करीब 5 बजे से माओवादियों के साथ रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है। सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ की पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है। सुरक्षा कारणों के चलते मुठभेड़ के सटीक स्थान और ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या सार्वजनिक नहीं की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन पूरा होने के बाद जानकारी आधिकारिक रूप से जारी की जाएगी।

20 नक्सलियों के साथ मोस्ट वांटेड लीडर देवा बारसे ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली लीडर देवा बारसे ने हैदराबाद में सरेंडर कर दिया है। देवा के साथ 20 नक्सलियों ने भी हथियार डाल दिए हैं। हैदराबाद में दोपहर 3 बजे पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी साथियों के साथ देवा तेलंगाना के मुलुगु पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे हैदराबाद लेकर पहुंची थी।

ASP आकाश की शहादत का बदला

सुकमा के जंगलों में हुई मुठभेड़ में खूंखार माओवादी एसीएम हितेश भी मारा गया है। हितेश 9 जून को कोंटा के पास हुए IED ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था, जिसमें तत्कालीन एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की जान चली गई थी। उस घटना को एसीएम हितेश ने ही अंजाम दिया था। आज जवानों ने एएसपी आकाश राव की शहादत का बदला ले लिया।

माओवादी मंगडू भी मारा गया

सुरक्षाबलों ने कोंटा एरिया कमेटी में सक्रिय रहने वाला माओवादी मंगडू भी इस मुठभेड़ में मारा गया है। मंगडू अपने कई साथियों के साथ जंगलों में छिपा था, जिसकी जानकारी मिलते ही एसपी किरण चव्हाण ने DRG की टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया।

मासूम की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के बाद छत से फेंकी लाश

बुलंदशहर। सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम लापता हुई छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उसी मकान में रहने वाले दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की और शव को छत से फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। फिरोजाबाद जनपद निवासी श्रमिक की छह वर्षीय मासूम बेटी शुक्रवार शाम को खेलते हुए अचानक लापता हो गई थी। बताया गया कि बच्ची खेलते हुए मकान की ऊपरी मंजिल पर चली गई थी, जहां पहले से ही दो अन्य युवक मौजूद थे। आरोपी नशे की हालत में थे और उन्होंने बच्ची को अकेला पाकर अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया। विरोध करने और शोर मचाने पर बच्ची की हत्या कर दी गई और उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया।

बांग्लादेश में एक और हिंदू की मौत घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

ढाका। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शरियतपुर जिले के बाजार में मेडिकल स्टोर चलाने वाले हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की शनिवार सुबह ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में इलाज के दौरान मौत हो गई। नए साल की पूर्व संध्या पर हमलावरों ने उन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। डॉक्टरों के मुताबिक, खोकन दास के शरीर का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया था। उनके चेहरे और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा था। अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. शौन बिन रहमान ने बताया कि सुबह करीब 7:20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला मिलिट्री ठिकानों को तबाह किया

काराकस। वेनेजुएला में आज 7 धमाके हुए। अमेरिका ने शनिवार रात को वेनेजुएला की राजधानी काराकस समेत 4 शहरों को निशाना बनाया है। इनमें काराकास के अलावा मिरांडा, अरागुआ और ला ग्वायरा शामिल हैं। अमेरिका ने इन राज्यों के सैन्य ठिकानों पर 7 हवाई हमले किए। पहला हमला स्थानीय समय के मुताबिक रात क-रीब 2 बजे हुआ। ट्रम्प ने वेनेजुएला के अंदर सैन्य सुविधाओं और कई खास जगहों पर हमले का आदेश दिया था। हमले के एक वायरल वीडियो में शहर के ऊपर कम ऊंचाई से गुजरते करीब 10 विमान नजर आए। रॉयटर्स के मुताबिक, शहर के कई इलाकों में तेज आवाजें सुनी गईं, जबकि एक बड़े सैन्य अड्डे के पास स्थित दक्षिणी इलाके में बिजली गुल हो गई। हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बयान जारी कर कहा कि इन हमलों का डटकर जवाब दिया जाएगा। मादुरो ने देशभर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका तख्तापलट करना चाहता है, ताकि वेनेजुएला के तेल और खनिज संसाधनों पर कब्जा कर सके।

बांग्लादेशी खिलाड़ी आईपीएल से बाहर

● BCCI का KKR को निर्देश

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने शाहरुख खान की IPL टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को टीम से हटाने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जारी हिंसा की वजह से उन्हें हटाने की मांग उठ रही थी। मुस्तफिजुर को खरीदने पर बॉलीवुड के सुपरस्टार और केकेआर के मालिक शाहरुख खान की काफी आलोचना की जा रही थी और अब इस मामले को लेकर बीसीसीआई भी सामने आया है। दरअसल, विवाद की जड़ में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की घटनाएं हैं। हाल के महीनों में बांग्लादेश से आई इन खबरों ने भारत में चिंता बढ़ाई है। इन्हीं घटनाओं का हवाला देते हुए भाजपा और शिवसेना के कई नेताओं ने आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को खेलने देने पर सवाल खड़े किए थे।

बिचौलियेबाजी से बाज आइए

● ईरान में प्रदर्शन का मामला
● तेहरान से ट्रंप को स्पष्ट चेतावनी

तेहरान। ईरान में आर्थिक अस्थिरता और मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव से प्रभावित लोगों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने हालात और संवेदनशील बना दिए हैं। तेहरान ने ट्रंप की टिप्पणी को लापरवाह और खतरनाक करार देते हुए साफ चेतावनी दी है कि ईरान की संप्रभुता में किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ईरान की सशस्त्र सेनाएं पूरी तरह सतर्क हैं और किसी भी तरह की संप्रभुता-उल्लंघन की स्थिति में जवाब देने में सक्षम हैं। हम जानते हैं कि कहां और कैसे जवाब देना है, यह संदेश अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों को दिया गया। अप्रत्यक्ष रूप से कहा गया कि आप अपने बिचौलियेबाजी की फितरत से बाज आइए। ईरान की समस्याएं वहां बैठे लोग देखने में सक्षम हैं।



पौष पूर्णिमा स्नान के साथ कल्पवास शुरू

साधना-संयम का संकल्प लेकर बस गया तम्बुओं का शहर

● पुआल, बिस्तर, राशन और जलावन लकड़ी लेकर पहुंचे कल्पवासी

प्रयागराज। प्रयागराज में संगम की रेती पर आज शनिवार को पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व के साथ ही कल्पवास भी शुरू हो गया। ऐसी मान्यता है कि माघ मास में सभी देवी-देवता प्रयागराज में ही वास करते हैं, इसलिए यहां पौष पूर्णिमा से कल्पवास की शुरुआत होती है। प्रयागराज में कल्प-वास करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। शुक्रवार देर शाम तक श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। कल्पवासियों ने अपने-अपने शिविरों में पहुंचकर आवश्यक सामान व्यवस्थित किया। संग लाए तुलसी के पौधों को कुटिया के बाहर रोपा गया, जबकि ठाकुर जी, पूजा सामग्री, दान की वस्तुएं, राशन और वस्त्र शिविरों के भीतर रखे गए। ई-रिक्शा, कार, पिकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से पुआल, बिस्तर, राशन और जलावन लकड़ी लाते कल्पवासी पूरे दिन नजर आए। आज से शुरू हो रहे कल्पवास के लिए लाखों श्रद्धालु संगम तट पर पहुंच चुके हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए कल्पवासी व्रत-तप, साधना और संयम का संकल्प लेकर तंबुओं की नगरी में बस गए हैं।

महाराष्ट्र निकाय चुनाव में मतदान से पहले ही महायुति के 68 प्रत्याशी जीत गए

● अकेले भाजपा के 44 प्रत्याशी

मुंबई। महाराष्ट्र में 15 जनवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव से पहले भाजपा और महायुति गठबंधन के सहयोगियों ने 68 सीटें निर्विरोध जीत ली है। इसमें अकेले भाजपा के 44 उम्मीदवार, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 22 और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के दो उम्मीदवार शामिल हैं। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने उन नगर निकायों से रिपोर्ट मांगी है, जहां सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं में शुक्रवार को नामांकन वापसी का आखिरी दिन था। शुक्रवार देर शाम को बताया कि भाजपा और महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के लोग इसे पार्टी की बढ़ती ताकत और लोकप्रियता बता रहे हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.2C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 03 जनवरी, शनिवार, 2026 (3)

छाया : जनमुख डेस्क

सेवा संस्थानम् द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए पहुंचीं छात्राएं।

जनमुख डेस्क

आस्था पड़ी ठंड पर भारी

पौष पूर्णिमा : गंगा तटों पर उमड़ी भारी भीड़

●देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु

वाराणसी। काशी में पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। दशाश्वमेध घाट समेत सभी प्रमुख गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चंद्र पंचांग के अनुसार पौष माह की पूर्णिमा तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व का हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व है। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। गंगा स्नान के बाद दान-पुण्य की परंपरा भी निभाई गई। श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र, धन और तिल का दान किया, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। दशाश्वमेध घाट पर विशेष भंडारों का आयोजन किया गया, जहां साधु-संतों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस दिन भगवान विष्णु और सूर्यदेव की पूजा का भी विशेष महत्व है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। गंगा घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, वहीं ड्रोंइ और जल पुलिस की टीमें गंगा में लगातार गश्त करती रहीं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते स्नान पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

सेवाज्ञ संस्थानम् की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दम

● 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने की भागीदारी

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित महामना महोत्सव के अंतर्गत 2 जनवरी को दौड़ प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसे दो वर्गों—जूनियर (कक्षा 9–10) और सीनियर (कक्षा 11–12)-में विभाजित किया गया। सभी दौड़ें बालक एवं बालिका, दोनों वर्गों के लिए आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुपम कुमार नेमा (सचिव, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद, काशी हिंदू विश्वविद्यालय) ने उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरेंद्र कुमार राय ने आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सेवाज्ञ संस्थानम् के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. श्याम सिंह तथा महानगर संयोजक शिवम् पाण्डेय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सम्मान प्रदान किया।

माघ मेले की भीड़ पहुंची काशी

● रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर श्रद्धालुओं का जत्था

वाराणसी। माघ मेले के तहत शनिवार को पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए लोगों के काशी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इसे लेकर कैंट रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। प्लेटफॉर्म से लेकर फुट ओवरब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया के साथ ही परिसर में बने होल्डिंग एरिया में भी जगह भर गई। माघी मेले को लेकर इस बार तीन जनवरी से 15 फरवरी तक (3 जनवरी, 14, 18 जनवरी, 23 जनवरी, 1 फरवरी और 15 फरवरी) छह स्नान पड़ेंगे। इस दिन गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर सहित अन्य जिलों से प्रयागराज जाने के साथ ही बहुत से लोग काशी भी आते हैं। इधर, रेलवे प्रशासन की ओर से वाराणसी से प्रयागराज तक पांच से अधिक स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। स्पेशल ट्रेनें वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन और बनारस रेलवे स्टेशन से होते हुए प्रयागराज तक जाएंगी। इसमें सर्वाधिक लोग वाराणसी जंक्शन यानी कैंट स्टेशन पर आते हैं। शुक्रवार की देर रात तक गोरखपुर, मऊ, भटनी, जौनपुर, चंदौली आदि जगहों से आने वाली ट्रेनों में भीड़ सामान्य दिनों की तुलना में अधिक दिखी। इसमें कोई अकेले तो कोई परिवार के साथ आया। कैंट रेलवे स्टेशन पर भी मेला चलने तक हर दिन डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों के आने का अनुमान हैं। इधर होल्डिंग एरिया में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए आरपीएफ के जवानों ने लोगों को व्यवस्थित ढंग से बिठाया और जिसको जहां जगह मिला वह आराम भी करने लगा। यहां जरूरत के हिसाब से जनरल टिकट लेने, इमरजेंसी दवाइयों की सुविधा के लिए ट्रेनों के आने जाने की जानकारी के लिए एलईडी भी लगवाई गई है। सुरक्षा के लिहाज से सीसी कैमरा भी होल्डिंग एरिया में लगाया गया है।

हजरत अली समिति ने निकाला मौला अली जुलूस

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। आज वाराणसी में हजरत अली समिति के तत्वावधान में मौला ए कायनात हजरत अली की विलादत के मौके पर भव्य मौला अली जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पूरे अकीदत व एहतराम के साथ जश्न मनाया गया। मौलाना शाहिद अब्बास ने बताया कि आज मौला ए कायनात हजरत अली की विलादत की तारीख है और इसी खुशी में लोग एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हर साल इसी अवसर पर जुलूस निकाला जाता है, जो टाउन हॉल से शुरू होकर काली महाल, पी-तल गंगा होते हुए दरगाह फातिमा तक जाता है। मौलाना शाहिद अब्बास ने बताया कि 'अली डे' का उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि हज-रत अली जैसी शख्सियत इस धरती पर आईं, जिन्होंने हक और इंसानियत का पैगाम पूरी दुनिया को दिया।

नये बॉस के आगमन की तैयारी में जुटी भाजपा

ढोल, नगाड़ा और डमरू दल के साथ ऐतिहासिक स्वागत करेंगे पदाधिकारी

●7 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहली बार आ रहे बनारस

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। आज दिनांक 02 जनवरी को सुबह 11 बजे संपूर्णानंद स्टेडियम सिगरा में महत्वपूर्ण बैठक महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया 7 जनवरी को उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहली बार वाराणसी आ रहे हैं। उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी महानगर के पदाधिकारी बाजा, ढोल नगाड़ा, डमरू दल, शंख ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष गोरखपुर से चलकर गाजीपुर होते हुए शाम 5:00 बजे वाराणसी पहुंचेंगे। स्वागत के लिए महानगर में 6 पॉइंट बनाए गए हैं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल एवं आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, ने भी संबोधित किया। संचालन राहुल सिंह ने और धन्यवाद प्रकाश हंसराज विश्वकर्मा ने किया। उपरोक्त बैठक में महापौर अशोक तिवारी ने बताया, पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का वॉलीबॉल प्रतियोगिता बनारस के संपूर्णानंद स्टेडियम में होने जा रहा है। इसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 4 जनवरी को 11:00 बजे करेंगे। काशी के सांसद और प्रधानमंत्री मोदी 12:00 बजे उपस्थित लोगों को वर्चुअल संबोधित करेंगे। उद्घाटन समारोह में महानगर एवं जिले के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्षद उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महापौर ने यह भी बताया, पूरे देश के हर प्रदेश से 30 टीम पुलिस की 28 टीम महिलाओं की आ रही है। इसके अलावा सेना की पुरुष टीम एवं रेलवे की महिला टीम भी आ रही है।

सेन्ट्रल-बार एसोसिएशन का चुनाव

20 पदों के लिए 77 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे 7636 मतदाता

वाराणसी। वाराणसी में वकीलों के सबसे बड़े एसोसिएशन सेन्ट्रल बार का शनिवार को चुनाव हुआ। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान किया गया। इस वर्ष 7636 मतदाता 20 पदों पर खड़े 77 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए कुल 95 बूथ बनाए गए हैं और 17 टेबल मतपत्र के लिए लगाए गए हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जाएगा। मतगणना 4 जनवरी को होगी। सभी को सीओपी कार्ड लेकर पहुंचना अनिवार्य होगा। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए 60 सहायक चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मतगणना 4 जनवरी को होगी। आजीवन सदस्यों के लिए भूतल पर और अन्य के लिए प्रथम तल पर व्यवस्था की गई है। कुल 95 बूथ बनाए गए हैं। जिसपर मतदाता मतदान करेंगे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544

कथा श्रवण से माहेश्वरी समाज ने किया नए वर्ष का शुभारंभ

● माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महमूरगंज स्थित माहेश्व-री भवन में विश्व कल्याण हेतु श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ से पं. संजय शास्त्री (प्रधान अर्चक श्याम मंदिर) द्वारा कथामृत का आस्वादन श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का प्रारंभ आरती व भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण कर किशोर मुंद्डा, जेठमल चांडक, कमल सोनी, धीरज मल ने किया। श्री मदभागवत महात्म्य, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के बाद एवं कथा विश्राम दिया गया। कथा के दौरान महिलाएं चुनरी की साड़ी व पुरुष कुर्ता पजामा में दिखाई दिए। इस मौके पर अध्यक्ष कविता मारू, मंत्री कुमुद चाण्डक, सुनीता राठी, संगीता सोनी, राजश्री धूत, सीमा गट्टानी, राखी काबरा, आशा झंवर, गौरव राठी, मधु राठी, संतोष सारडा, शशि राठी, ममता मुंद्डा, कोमल कचोलिया, सुनीता काबरा, अनीता डागा, पूनम सोमानी, रितु धूत, दुर्गा आदि शामिल थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को राकेश कचोलिया ने पुरस्कृत भी किया। स्वागत नवनीत कोठारी, प्रसाद वितरण संजीव चांडक तथा संचालन कृष्ण कुमार काबरा एवं धन्यवाद ज्ञापन तनु चांडक ने किया।

स्टाम्प मंत्री ने बांटा कम्बल

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शुक्रवार को गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल उपलब्ध करा उन्हें राहत दी। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने प्राथमिक विद्यालय ढेलवरिया तथा धूपचंडी मंडल के श्रीराम पीजी कालेज पंचकोशी पर 200 से अधिक लोगों को कंबल वितरित किया।

कूर्मि क्षत्रिय महासभा 5 जनवरी को मनाएगा कल्याण की जयंती

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल राजस्थान प्रदेश, पूर्व सांसद कल्याण सिंह की 95वीं जयंती समारोह विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 05 जनवरी, सोमवार को दोपहर 12 बजे से परमानंदपुर, शिवपुर स्थित दी रायल ग्रीन गार्डेन में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा द्वारा मनायी जाएगी। यह जानकारी अ.भा. कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सदानंद सिंह पटेल ने दी है।

आजमगढ़ समाचार

आजमगढ़ में डीएम ने की समीक्षा बैठक

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बैंकवार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त बैंकों के जिला स्तर के प्रबंधक क्षेत्रीय ब्रांच मैनेजरों से संपर्क कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के आवेदनों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत स्टेट बैंक आफ इंडिया में सबसे अधिक लंबित आवेदनों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया तथा एसबीआई बैंक के जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि तत्काल सभी ब्रांच मैनेजर से समन्वय स्थापित कर युवा उद्यमी में लंबित आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्योग से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की यह मुख्यमंत्री की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है कि युवा उद्यमियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ा जाए। डीएम ने समस्त बैंकों के जिला प्रबंधकों को निर्देश दिया कि रिजेक्ट होने वाले आवेदनों की एक बार पुनः समीक्षा करें तथा आवेदन कर्ता को बुलाकर जो कमियां है, उसे दूर करें तथा लोन के आवेदन को स्वीकृत करना सुनिश्चित करें। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर के बैंक अधिकारी ब्रांच मैनेजर से वार्ता करें तथा लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराए।

भदोही समाचार

सुबह नए साल का जश्न, रात में फंदे से झूली विवाहिता

वहिदानगर। कोइरौना थानाक्षेत्र के भीखीपुर चैनपट्टी गांव में बृहस्पतिवार की देर रात में विवाहिता पूनम मिश्रा (32) पत्नी सुशील मिश्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चैनपट्टी निवासी सुशील कुमार मिश्र की शादी 14 साल पहले मीरजापुर के मुजहरा निवासी देवी प्रसाद दूबे की बेटी पूनम मिश्रा से हुआ था। बृहस्पतिवार की देर रात पूनम का शव एक कमरे में पंखे से लटका मिला तो परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह खाना खाकर सोने चली गई। सुबह नए साल पर सीतामढ़ी घूमने गई थी। ससुराल और मायके पक्ष वालों ने शव देने का आग्रह किया, लेकिन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आरएन यादव ने कहा कि विवाहिता की मौत संदिग्ध लग रही थी।

सुल्तानपुर समाचार

ठंड में फेफड़े और अस्थमा के मरीजों की बढ़ी परेशानी

सुल्तानपुर। सर्द हवाओं, धुंध और बढ़ते प्रदूषण के साथ वायरल संक्रमण ने लोगों के स्वास्थ्य पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। विशेष रूप से फेफड़े, अस्थमा और एलर्जी से पीड़ित मरीजों के लिए यह मौसम मुसीबत भरा साबित हो रहा है। सांस फूलना, लगातार खांसी, सीने में जकड़न और घरघराहट जैसी शिकायतों के साथ बड़ी संख्या में मरीज अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के चेस्ट (श्वसन रोग) और फिजिशियन (चिकित्सक) की ओपीडी में प्रा-तिदिन औसतन 200 से 250 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह आंकड़ा मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को दर्शाता है। मौसम में आए बदलाव के साथ ही गले में खराश, जुकाम, वायरल बुखार और सिरदर्द जैसी सामान्य लगने वाली बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। ठंड के मौसम में बच्चों में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है, जो उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है। वहीं, बुजुर्गों में सांस संबंधी समस्याएं अधिक गंभीर रूप ले लेती हैं, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित होती है। मेडिकल कॉलेज के पुरुष और महिला अस्पतालों की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं,

देवरिया समाचार

बीडीओ ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

देवरिया। विकास खंड बैतालपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महराजगंज में शुक्रवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान विषय पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता बीडीओ बैतालपुर दीपक कुमार ने की।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित कर्मचारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। चौपाल में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। बीडीओ ने महिलाओं से अधिक से अधिक समूह बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय की पानी टंकी का पाइप बंदरों द्वारा तोड़ दिए जाने की शिकायत की, जिससे शौचालय का उपयोग बाधित हो रहा था।

मऊ समाचार

पांच जनवरी तक बंद रहेंगे 12वीं तक के विद्यालय

मऊ। शीतलहर का प्रकोप जारी रहने के चलते सभी बोर्ड के 12वीं कक्षा तक के सभी माध्यमिक विद्यालय पांच जनवरी तक बंद रहेंगे। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद ने बताया कि शासन के दिशा निर्देश पर यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई से संबद्ध 12वीं कक्षा तक के विद्यालय पांच जनवरी तक बंद रहेंगे। शीतलहर और तापमान में गिरावट के चलते 2 से 14 जनवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रो पर अवकाश रहेगा है। इस दौरान बच्चे केंद्र पर नहीं जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा लाभार्थियों को पुष्टाहार का वितरण, वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन करती रहेंगी। वीएचएसएनडी सत्र और आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ साथ विभागीय कार्य नियमित रूप से किया जायेगा। बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र या जिले से बाहर नहीं नहीं जाएंगी।

अधिकतम तापमान एक डिग्री घटा, न्यूनतम एक डिग्री बढ़ा

मऊ। जिले में शीतलहर और कोहरा छाए रहने का क्रम जारी है। शुक्रवार को सुबह लगभग सात बजे तक कोहरा छाए रहने से लोग ठंड से बेहाल रहे। अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। सुबह लगभग नौ बजे धूप निकली तो लोगों को राहत मिली। अपने हिसाब से लोगों को धूप का आनंद लेते देखा गया।

चंदौली समाचार

बरठी गांव के तालाब में मिला वृद्ध का शव

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के बरठी गांव में शुक्रवार सुबह 10 बजे वृद्ध का शव घर के सामने तालाब में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

बरठी गांव निवासी बंशु राम (65) बृहस्पतिवार की देर शाम अपने घर के बाहर परिजनों के साथ बैठे थे। कुछ देर बाद परिजन घर के अंदर सोने चले गए। इसके बाद शुक्रवार की सुबह घर के बाहर के तालाब में बंशु राम का शव दिखा। घटना की जानकारी होने के बाद जुटे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। वृद्ध के शव के पास पत्नी महाराजी देवी, बेटी पुष्पा कुमारी व पूजा, पुत्र अनिल कुमार, सुनील कुमार, अनिद कुमार, सुभाष कुमार, सतीश कुमार का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

प्रयागराज समाचार

माघ मेले में त्रिवेणी में नौ लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

प्रयागराज। हापुड़ के ब्रजघाट में पौष माह की पूर्णिमा पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। लेकिन सर्दी और ठंडी हवा के कारण श्रद्धालुओं की संख्या कम ही रही। ब्रजघाट पर पश्चिमी उप्र के जनपदों और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व अन्य प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं ने शनिवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान शुरू किया। वहीं पुष्पवती पूठ और लठीरा के तट पर स्थानीय एवं आसपास के गांव के गंगा भक्तों ने मां गंगा में डुबकी लगाईं। जिसके बाद अधिकांश लोगों ने पुरोहितों से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी और दक्षिणा दी । वहीं नक्का कुआं मंदिर, हनुमान, वेदांत, गंगा मंदिर, भद्रकाली मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पहुंच कर पूजा की। भक्तों ने अपने परिवार और देश की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं की संख्या कम रहने और वाहनों का दबाव कम होने से हाईवे जाम मुक्त रहा। शुक्रवार की रात एसपी और एडीएम वहीं शनिवार की सुबह सीओ व कोतवाली पुलिस ने गंगानगरी में निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम परखे। माघ मेले में स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु प्रकाश ने बताया कि हम लोगों का सौभाग्य रहा कि माघ मेले के प्रथम दिन स्नान का पुण्य अवसर प्राप्त हुआ। यहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की गईं हैं। मेले में नावों का संचालन बंद कर दिया गया है। नाविक इससे आक्रोशित हैं। उनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं किया गया है। जबकि 25 दिसंबर से पहले ही उन्होंने कागज जमा कर दिए। मेला प्रशासन का कहना हैं कि प्रमुख स्नान पर्व पर संचालन बंद करने का निणर्य लिया गया हैं। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस में हैं।

उत्तर प्रदेश में पौष पूर्णिमा के मौके पर माघ मेले के पहले स्नान पर प्रयागराज में सुबह 10 बजे तक लगभग 9,00, 000 लोगों ने पवित्र जल में डुबकी लगाई। सीएमओ के अनुसार, फर्रुखाबाद में सुबह से अब तक करीब 25,000 लोगों ने स्नान किया है। प्रयागराज में पौष पूर्णिमा के मौके पर माघ मेला 2026 का पहला 'स्नान' जारी है।

गाजीपुर समाचार

गंगा में नहाते समय महिला डूबी, तलाश जारी

जमानिया। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर पट्टी सरनाम खां गांव के पास शुक्रवार को सुबह गंगा में नहाते समय रिंकू देवी (45) डूब गई। देर शाम तक पुलिस और गोताखोरों की टीम उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया कि रामपुर पट्टी सरनाम खां निवासी रामविलास यादव की पत्नी रिंकू देवी सुबह करीब 6 बजे गंगा स्नान के लिए घाट पर गई थीं। स्नान के दौरान वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी की ओर गिर गईं और डूबने लगीं। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक वह नदी की धारा में लापता हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही जमानिया तहसीलदार रामनारायन वर्मा और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की तलाश गोताखोरों की मदद से कराई जा रही है, लेकिन सफलता नहीं मिली है।

सोनभद्र समाचार

पर्यटन कार्यालय तक पहुंच मार्ग हेतु बनायी जा रही सी0सी0 रोड का जिलाधिकारी ने किये औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह ने आज सर्किट हाउस के पास निर्माणाधीन पर्यटन कार्यालय तक पहुंच मार्ग हेतु बनायी जा रही सी0सी0 रोड का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रानिक मशीन विधि से सी0सी0रोड बनायी जा रही है, के स्थिति का जायजा लिये।

उन्होंने सी0सी0 रोड में प्रयोग की जा रही कंक्रीट, सीमेंट, बालू, व सरिया के मानक के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के ठेकेदार व सम्बन्धित जेई से जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने रोड निर्माण में प्रयोग किये जा रहे सामग्री के गुणवत्ता को स्वयं परखे और सम्बन्धित ठेकेदार व जे0ई0 को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में बेहतर गुणवत्तायुक्त सामग्री का प्रयोग किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिससे बनायी जा रही सड़क की मजबूती भविष्य में भी बनी रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं है कि शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी0सी0रोड के किनारे बनायी गयी नाली को भी देखा और संतोष व्यक्त किये।

जौनपुर समाचार

युवक का मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

शाहगंज। थाना क्षेत्र के ताखा पूरब गांव के पास पंडित के बाग में शुक्रवार सुबह युवक का शव मिला। सुबह शौच के लिए निकले गांव के लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस जांच कर रही है। क्षेत्र के ताखा पूरब गांव स्थित रोलिंग मिल के समीप देवेंद्र कुमार पांडेय के बाग में शुक्रवार सुबह युवक का शव मिला। पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक किरन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र 48 वर्ष के आसपास है। युवक ने काले और आसमानी रंग की टी-शर्ट, भूरे रंग का स्वेटर, नारंगी रंग की जैकेट, गले में मफलर और नीली पैंट पहन रखी थी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मीरजापुर समाचार

मीरजापुर की हस्त निर्मित दरी पर डाक टिकट जारी किया गया

मीरजापुर। मण्डल के प्रधान डाकघर में फिलेटली स्पेशल कवर लाँच हुआ जिसमें हस्त निर्मित दरी एवं 'ढाई आखर' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इसमें मीरजापुर की हस्त निर्मित दरी पर डाक टिकट जारी किया गया एवं पत्र लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ विंध्याचल मंडल के अधीक्षक अशोक कुमार त्रिपाठी ने किया उन्होंने हस्त निर्मित दरी पर डाक टिकट जारी करने के पश्चात कहा कि इस टिकट के माध्यम से मीरजापुर की दरी देश-विदेश में प्रचारित एवं प्रसारित होगी जिससे हमारे जनपद के बुनकरों एवं व्यापारियों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों में पत्र लेखन की क्षमता घट रही है इसलिए हम लोगों ने अपने छात्र-छात्राओं के बीच हमारे आदर्श नायक विषय पर एक लेख लिखने की प्रतियोगिता कराई जिसमें सेंट मेरी स्कूल के चार बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम स्थान मान्या दुबे, द्वितीय स्थान आराध्या दुबे एवं बालक वर्ग में अलंकृत श्रीवास्तव तथा अर्पित कुमार सिंह ने अत्यंत प्रभावशाली लेख लिखा।

मंडल अधीक्षक ने सर्वप्रथम मान्या दुबे एवं तद्पश्चात आराध्या दुबे को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया। प्रमोद कुमार बंसल एवं अजीत प्रसाद सेमवाल ने अर्पित कुमार सिंह एवं अलंकृत श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया मंडल अधीक्षक ने सभी छात्र-छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा कि बच्चों को पत्र लेखन की प्रवृत्ति बढ़ानी चाहिए इससे उनके अंदर प्रतियोगी परीक्षाओं में लेख लिखने में सफलता प्राप्त होगी और वे अपने जीवन को अच्छा बना सकेंगे ।इस अवसर पर ब्रह्मदेव पांडे, राहुल गांगुली, डाकपाल ऋतुराज कुमार, अविनाश शुक्ला, संगीता पांडे अंकिता सिंह,अर्चना कुमारी, मोनिका राजकमल गौतम ,अमित मीणा आदि लोग मौजूद थे

बलिया समाचार

17,630 लापता मतदाताओं को भेजेंगे नोटिस

सिकंदरपुर। विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चुनाव विभाग ने सख्त कदम उठाया है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान 17,630 मतदाताओं का पता न लगने पर उनके घरों पर नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। निर्धारित समय के भीतर जांच में उपस्थित न मिलने या पहचान की पुष्टि न होने की स्थिति में ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,10, 970 मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरना था, लेकिन बड़ी संख्या में मतदाताओं के स्थान और अस्तित्व की पुष्टि न हो पाने से चुनाव विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस अभियान की जिम्मेदारी 329 मतदान बूथों पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सौंपी गई है, जबकि निगरानी और सत्यापन के लिए 36 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। नोटिस के माध्यम से लापता मतदाताओं से संपर्क कर उनकी वास्तविक स्थिति की जांच की जाएगी। यदि तय अवधि में कोई संतोषजनक उत्तर या उपस्थिति नहीं मिलती है, तो संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इससे मतदाता सूची अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद नए योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ने का कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर फॉर्म भरने में किसी भी तरह की लापरवाही से चुनावी प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए बीएलओ और सुपरवाइजर पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जिन मतदाताओं का एसआईआर फॉर्म अब तक नहीं भरा गया है या जिनके पते से संबंधित कोई त्रुटि है, वे शीघ्र अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

गोरखपुर समाचार

गुरु गोबिंद सिंह के 359वें प्रकाश दिवसः मोहद्दीपुर गुरुद्वारे से निकली भव्य शोभायात्रा

गोरखपुर। शोभायात्रा में सबसे आगे समाज के लोग घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। उनके पीछे गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी फूलों से सजी पालकी में चल रही थी। मार्ग में संगत की ओर से शबद कीर्तन, गुरुवाणी पाठ और ढोल-नगाड़ों के साथ गुरु महिमा का गुणगान किया गया। गतका दलों ने शस्त्र कला का आकर्षक प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गुरु गोबिंद सिंह के 359वें प्रकाश दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मोहद्दीपुर गुरुद्वारे से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुए दोबारा गुरुद्वारे पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ सिख संगत व गुरु ग्रंथ साहिब के जयकारों के साथ हुआ। इस दौरान जगह-जगह करतब भी दिखाए गए। शोभायात्रा में सबसे आगे समाज के लोग घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। उनके पीछे गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी फूलों से सजी पालकी में चल रही थी। मार्ग में संगत की ओर से शबद कीर्तन, गुरुवाणी पाठ और ढोल-नगाड़ों के साथ गुरु महिमा का गुणगान किया गया। गतका दलों ने शस्त्र कला का आकर्षक प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। सिख संगठनों एवं सेवादारों ने अनुशासन और सेवा भाव के साथ यात्रा को सफल बनाया। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व व्यवस्था के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। शाम को गुरुद्वारा परिसर में दीवान सजाया गया, जिसमें कीर्तन, अरदास और गुरु ग्रंथ साहिब के पावन संदेशों का वाचन हुआ। अंत में गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों व संगत की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

लाइफ मंत्र

राम रक्षा स्तोत्र पाठ से पाएं श्रीराम की कृपा, हर विपत्ति से सुरक्षा

रामरक्षास्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को हर मुश्किल में सफलता मिलती है। यह एक ऐसा कवच है, जिसका रोजाना पाठ करने से अत्यधिक लाभ मिलने के साथ ही जल्द ही फल भी मिलता है। रामरक्षास्त्रोत का पाठ करने से जातक भयरहित हो जाता है। हिंदू धर्म में रामरक्षास्त्रोत का विशेष महत्व माना जाता है। वहीं इसका पाठ करके भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त की जा सकती है। वैसे तो इसका पाठ कभी भी शुरू किया जा सकता है। रामरक्षास्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को हर मुश्किल में सफलता मिलती है। यह एक ऐसा कवच है, जिसका रोजाना पाठ करने से अत्यधिक लाभ मिलने के साथ ही जल्द ही फल भी मिलता है। रामरक्षास्त्रोत का पाठ करने से जातक भयरहित हो जाता है। वहीं रोजाना इसका पाठ करने से दुख-कष्ट दूर होते हैं। जो भी जातक रोजाना रामरक्षास्त्रोत का पाठ करते हैं, वह सुखी, विजयी, दीर्घायु, संततिवान और विनयसंपन्न होते हैं। इसके शुभ प्रभाव से जातक के चारों ओर एक सुरक्षा कवच बनता है,

जिससे व्यक्ति की हर तरह की विपत्ति से रक्षा होती है। माना जाता है कि रामरक्षास्त्रोत का पाठ करने से भगवान श्रीराम के साथ हनुमानजी भी प्रसन्न होते हैं। वहीं इस पाठ को हर दिन करना होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रामरक्षास्त्रोत पाठ के बारे में बताने जा रहे हैं।

विनियोग

अस्य श्रीरामरक्षास्तोत्रमन्त्रस्य।
बुधकौशिक ऋषिः।
श्रीसीतारामचंद्रोदेवता।
अनुष्टुप् छन्दः। सीता शक्तिः।
श्रीमद्हनुमान् कीलकम्।
श्रीसीतारामचंद्रप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।
अथ ध्यानम्।
ध्यायेदाजानुबाहुं धृतशरधनुषं बद्दद्पद्मासनस्थं।
पीतं वासोवसानं नवकमलदलस्पर्धिनेत्रं प्रसन्नम्।
वामाङ्कारूढसीता मुखकमलमिलल्लोचनं नीरदाभं।
नानालङ्कारदीप्तं दधतमुरुजटामण्डनं रामचंद्रम् ।
जिव्हां विद्दानिधिः पातु कण्ठं भरतवंदितः।
स्कन्धौ दिव्यायुधः पातु भुजौ भग्नेशकार्मुकः।।
करौ सीतपतिः पातु हृदयं जामदग्न्यजित्।
मध्यं पातु खरध्वंसी नाभिं जाम्बवदाश्रयः।।
सुग्रीवेशः कटी पातु सक्थिनी हनुमत्प्रभुः।
ऊरू रघुत्तमः पातु रक्षः कुलविनाशकृत् ।।
जानुनी सेतुकृत्पातु जङ्घे दशमुखान्तकः।
पादौ बिभीषणश्रीदः पातु रामोएखिलं वपुः।।
एतां रामबलोपेतां रक्षां यः सुकृती पठत्।
स चिरायुः सुखी पुत्री विजयी विनयी भवेत्।।
पातालभूतलव्योमचारिणश्छद्मचारिणः।
न दृष्टुमपि शक्तास्ते रक्षितं रामनामभिः।।
रामेति रामभद्रेति रामचंद्रेति वा स्मरन्।
नरो न लिप्यते पापै भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति।।
जगज्जैत्रैकमन्त्रेण रामनाम्नाभिरक्षितम्।
यः कण्ठे धारयेत्तस्य करस्थाः सर्वसिद्दयः।।
वज्रपंजरनामेदं यो रामकवचं स्मरेत्।
अव्याहताज्ञः सर्वत्र लभते जयमंगलम्।।
आदिष्टवान्यथा स्वप्ने रामरक्षामिमां हरः।
तथा लिखितवान् प्रातः प्रबुद्धो बुधकौशिकः।।
आरामः कल्पवृक्षाणां विरामः सकलापदाम्।
अभिरामस्त्रिलोकानां रामः श्रीमान् स नः प्रभुः।।
तरुणौ रूपसंपन्नौ सुकुमारौ महाबलौ।
पुण्डरीकविशालाक्षौ चीरकृष्णाजिनाम्बरौ।।
फलमूलशिनौ दान्तौ तापसौ ब्रह्मचारिणौ।
पुत्रौ दशरथस्यैतौ भ्रातरौ रामलक्ष्मणौ।।
शरण्यौ सर्वसत्वानां श्रेष्ठौ सर्वधनुष्मताम्।
रक्षःकुलनिहन्तारौ त्रायेतां नो रघुत्तमौ।।
आत्तसज्जधनुषा विषुस्पृशा वक्षया शुगनिषङ्ग सङ्गिनौ।
रक्षणाय मम रामलक्ष्मणा वग्रतः पथि सदैव गच्छताम्।।
संनद्धः कवची खड्गी चापबाणधरो युवा।
गच्छन्मनोरथोएस्माकं रामः पातु सलक्ष्मणः।।
रामो दाशरथिः शूरो लक्ष्मणानुचरो बली।
काकुत्स्थः पुरुषः पूर्णः कौसल्येयो रघुत्तमः।।
वेदान्तवेद्यो यज्ञेशः पुराणपुरुषोत्तमः।
जानकीवल्लभः श्रीमानप्रमेय पराक्रमः।।
इत्येतानि जपेन्नित्यं मद्भक्तः श्रद्धयान्वितः।
अश्वमेधाधिकं पुण्यं संप्राप्नोति न संशयः।।
रामं दूर्वादलश्यामं पद्माक्षं पीतवाससम्।
स्तुवन्ति नामभिर्दिव्यैर्न ते संसारिणो नरः।।
रामं लक्ष्मणपूर्वजं रघुवरं सीतापतिं सुन्दरं।
काकुत्स्थं करुणार्णवं गुणनिधिं विप्रप्रियं
धार्मिकम् राजेन्द्रं सत्यसंधं दशरथनयं श्यामलं शान्तमूर्तिम्।
वन्दे लोकभिरामं रघुकुलतिलकं राघवं रावणारिम्।।
रामाय रामभद्राय रामचंद्राय वेधसे।
रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः।।
श्रीराम राम रघुनन्दन राम राम।
श्रीराम राम भरताग्रज राम राम।
श्रीराम राम रणकर्कश राम राम।
श्रीराम राम शरणं भव राम राम।।
श्रीरामचन्द्रचरणौ मनसा स्मरामि। श्रीरामचन्द्रचरणौ वचसा गृणामि।
श्रीरामचन्द्रचरणौ शिरसा नमामि। श्रीरामचन्द्रचरणौ शरणं प्रपद्ये।।
माता रामो मत्पिता रामचन्द्रः।
स्वामी रामो मत्सखा रामचंद्रः।
सर्वस्वं मे रामचन्द्रो दयालु।
नान्यं जाने नैव जाने न जाने।।
दक्षिणे लक्ष्मणो यस्य वामे तु जनकात्मजा। पुरतो मारुतिर्यस्य तं वन्दे रघुनंदनम्।।
लोकाभिरामं रनरङ्गधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम्। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये।।
मनोजवं मारुततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये।।
कूजन्तं रामरामेति मधुरं मधुराक्षरम्।
आरुह्य कविताशाखां वन्दे वाल्मीकिकोकिलम्।।
आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसंपदाम्।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम्।।
भर्जनं भवबीजानामर्जनं सुखसंपदाम् ।
तर्जनं यमदूतानां रामरामेति गर्जनम् ।।
रामो राजमणिः सदा विजयते रामं रमेशं भजे।
रामेणाभिहता निशाचरचमू रामाय तस्मै नमः।
रामान्नास्ति परायणं परतरं रामस्य दासोएस्म्यहम्।
रामे चित्तलयः सदा भवतु मे भो राम मामुद्धर।।
राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।
सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने।।
इति श्रीबुधकौशिकविरचितं श्रीरामरक्षास्तोत्रं संपूर्णम्। श्री सीतारामचंद्रार्पणमस्तु।।

धुरंधर रणवीर सिंह की फिल्म ने बनाया नया रिकॉर्ड, यह कारनामा करने वाली पहली हिंदी फिल्म बनी

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी एक्शन-स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर ऐसे रिकॉर्ड भी बनाए जो पहले किसी हिंदी फिल्म ने हासिल नहीं किए थे। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी एक्शन-स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर ऐसे रिकॉर्ड भी बनाए जो पहले किसी हिंदी फिल्म ने हासिल नहीं किए थे। 5 दिसंबर को रिलीज़ हुई धुरंधर ने अपने पहले तीन हफ़्तों में ही यह साफ़ कर दिया कि यह एक लंबे समय तक चलने वाली फिल्म है। यह ध्यान देने वाली बात है कि रणवीर सिंह की फिल्म ने चार हफ़्तों में 739 करोड़ रुपये कमाए हैं। बताया जा रहा है कि धुरंधर 250-300 करोड़ रुपये के बजट में बनी है।

धुरंधर ने लगातार 28 दिनों तक डबल डिजिट में कमाई की

इसे रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फिल्म ने भारत में लगातार 28 दिनों तक डबल डिजिट में कमाई करके इतिहास रच दिया। किसी भी दूसरी हिंदी फिल्म ने इतने लंबे समय तक इतनी लगातार रोज़ाना कमाई नहीं की थी। यही वजह है कि धुरंधर को अब सिर्फ़ हिट नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर कहा जा रहा है। फिल्म की रिलीज़ के पहले दिन से ही इसका मोमेंटम मज़बूत था। ओपनिंग वीकेंड में इसमें ज़बरदस्त उछाल देखा गया, और हफ़्ते के दिनों में भी कमाई की रफ़्तार धीमी नहीं हुई। दूसरे और तीसरे हफ़्ते में सिनेमाघरों में भीड़ ने साबित कर दिया कि फिल्म के बारे में लोगों की राय बहुत अच्छी थी। क्रिटिक्स से मिले-जुले रिव्यू के बावजूद, **आम दर्शकों ने फिल्म को दिल खोलकर अपनाया।**

धुरंधर: 2025 की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म

फिल्म के हिंदी वर्जन ने अब तक भारत में 700 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई की है, जबकि दुनिया भर में कलेक्शन 1100 करोड़ रुपये के पार हो गया है। यह आंकड़ा धुरंधर को 2025 की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनाता है। ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले दिनों में यह फिल्म कई और ऑल-टाइम हिंदी बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को चुनौती दे सकती है।

धुरंधर की कहानी और असल ज़िंदगी की प्रेरणा

धुरंधर एक भारतीय जासूस की कहानी है जो पाकिस्तान के कराची में अपराध और राजनीति की खतरनाक दुनिया में घुसपैठ करता है। इसमें 1999 के घ्-814 हाईजैक, संसद हमले, 26/11 और अन्य भू-राजनीतिक घटनाओं से प्रेरित तत्व शामिल हैं। यही वजह है कि दर्शकों को कहानी में सस्पेंस, इमोशनल गहराई और देशभक्ति का मिश्रण देखने को मिलता है। अक्षय खन्ना, आर माधवन, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे अनुभवी कलाकारों की रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म को और मज़बूत बनाती है। कई फिल्ममेकर्स और सितारों ने भी धुरंधर की तारीफ की है। खासकर राम गोपाल वर्मा के बयान ने सोशल मीडिया पर काफी ध्यान खींचा, जिसमें उन्होंने फिल्म को 'दर्शकों का ध्यान खींचने वाली नहीं, बल्कि उन्हें पूरी तरह से बांध लेने वाली' बताया।

कृति सेनन की बहन Nupur Sanon ने Stebin Ben से की सगाई, दिल छू लेने वाली पोस्ट में हीरे की अंगूठी दिखाई

शादी की अफवाहों के बीच, एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने आखिरकार अपने रिश्ते को पब्लिक कर दिया है। उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और सिंगर स्टेबिन बेन के एक सपनों जैसे प्रपोज़ल में 'हां' कहा।

शादी की अफवाहों के बीच, एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने आखिरकार अपने रिश्ते को पब्लिक कर दिया है। उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और सिंगर स्टेबिन बेन के एक सपनों जैसे प्रपोज़ल में 'हां' कहा। नूपुर ने प्रपोज़ल की तस्वीरें पोस्ट करके यह खबर शेयर की। तस्वीरों में कृति सेनन भी अपनी बहन और होने वाले जीजा को गले लगाते हुए दिख रही हैं। तस्वीरों में कपल सेनन के माता-पिता को वीडियो कॉल करते हुए भी दिख रहा है।

स्टेबिन ने नूपुर को प्रपोज़ किया

नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में, स्टेबिन बेन घुटनों पर बैठकर नूपुर को प्रपोज़ करते हुए दिख रहे हैं, उनके पीछे 'विल यू मैरी मी' लिखा हुआ है। दूसरी तस्वीर में नूपुर अपनी अंगूठी दिखा रही हैं। एक तस्वीर में कृति सेनन नूपुर और स्टेबिन को गले लगाते हुए दिख रही हैं। हालांकि कृति का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है, लेकिन यह 'तेरे इश्क में' एक्ट्रेस ही लग रही हैं।

नूपुर ने अपने माता-पिता को किए गए वीडियो कॉल की एक तस्वीर भी शेयर की। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए नूपुर ने लिखा, 'शायद से भरी दुनिया में, मुझे सबसे आसान 'हां' मिल गया जो मुझे कभी कहना पड़ा।'

शादी 11 जनवरी को उदयपुर में होने वाली है?

सगाई एक यॉट पर हुई, शायद मुंबई में। इस खास पल के लिए, नूपुर ने एक खूबसूरत फ्लोरल ड्रेस पहनी थी, जबकि स्टेबिन नीले सूट में दिखे।

नूपुर और स्टेबिन की शादी की खबरें काफी समय से चल रही हैं और ऐसा लगता है कि नूपुर और स्टेबिन 11 जनवरी को उदयपुर में शादी कर सकते हैं। शादी एक प्राइवेट फंक्शन होने की उम्मीद है और कथित तौर पर बाद में मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन भी प्लान किया गया है।

हालांकि, न तो परिवार और न ही कपल ने अभी तक शादी की अफवाहों के बारे में कोई ऑफिशियल बयान जारी किया है। लेकिन यह प्रपोज़ल अब उनकी शादी के बारे में अटकलों को और हवा दे रहा है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
(IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
Govt Regd. Estd, 1948
डॉ. राना
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (मियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

KKR के बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम में लेने के बाद Shah Rukh Khan विवादों के घेरे में आये

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान अपनी आईपीएल टीम केकेआर में बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर रहमान को शामिल करने के फैसले को लेकर बढ़ते विवाद के घेरे में आ गए हैं, जिसमें कई पक्ष उनकी आलोचना कर रहे हैं जबकि कुछ का कहना है कि अभिनेता को उनकी मुस्लिम पहचान के कारण निशाना बनाया जा रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया। बीसीसीआई ने भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह कदम उठाया। पिछले महीने खिलाड़ियों की नीलामी में केकेआर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनका आधार मूल्य दो करोड रुपए था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद केकेआर इस 30 वर्षीय गेंदबाज को अपनी टीम से जोड़ने में सफल रहा था।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान अपनी आईपीएल टीम केकेआर में बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर रहमान को शामिल करने के फैसले को लेकर बढ़ते विवाद के घेरे में आ गए हैं, जिसमें कई पक्ष उनकी आलोचना कर रहे हैं जबकि कुछ का कहना है कि अभिनेता को उनकी मुस्लिम पहचान के कारण निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा और शिवसेना के नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को देखते हुए वे रहमान को आईपीएल में खेलने नहीं देंगे।

वहीं, विपक्षी दल कांग्रेस के नेता भाई जगताप ने खान का समर्थन करते हुए कहा कि यह विवाद ''भाजपा-आरएसएस की दोहरी नीति'' का सबूत है, क्योंकि भारत अब भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलता है। भाजपा नेता संगीत सोम ने कहा, ''बांग्लादेश में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनकी हत्या की जा रही है, उन्हें उनके घरों से निर्वस्त्र अवस्था में निकाला जा रहा है और पीटा जा रहा है... वहां के खिलाड़ियों को खरीदना देशद्रोह है। शाहरुख खान जैसे लोग गद्दार हैं।'' शिवसेना नेता कृष्ण हेगड़े ने कहा कि पार्टी का रुख हमेशा से यही रहा है कि हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार करने वाले या भारत में आतंकवादी हमले में शामिल जगहों के किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम आईपीएल शासी निकाय और बीसीसीआई से इन खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करेंगे... वे बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करके भारत से आतिथ्य सत्कार, लाभ और धन का आनंद नहीं ले सकते।''

आध्यात्मिक गुरु रामभद्राचार्य ने भी शाहरुख खान की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन वह ऐसा करेंगे क्योंकि उन्हें हीरो माना जाता है। शाहरुख खान का रवैया हमेशा से राष्ट्र के विपरीत रहा है। उनका चरित्र हमेशा से ही संदिग्ध और राष्ट्रविरोधी रहा है।'' कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने सुझाव दिया कि केकेआर प्रबंधन को बांग्लादेशी क्रिकेटर को टीम से हटा देना चाहिए और नीलामी की राशि 'भारत में हिंदू पीड़ितों के रिश्तेदारों' को दान कर देनी चाहिए। ठाकुर ने कहा, ''हम बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को नजरअंदाज नहीं कर सकते।'' शाहरुख खान के समर्थन में भी आवाजें उठीं।

कांग्रेस नेता जगताप ने कहा, ''शाहरुख खान को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह मुस्लिम हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भी हम पाकिस्तानी क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट खेलते हैं। यह भाजपा-आरएसएस की दोहरी नीति है।'' उन्होंने कहा कि शाहरुख खान खुद टीम का चयन नहीं करते। कांग्रेस नेता ने कहा, ''टीम चयन की एक प्रक्रिया होती है और मैंने कभी शाहरुख खान को उस प्रक्रिया में शामिल होते नहीं देखा। जूही चावला और उनके पति उस प्रक्रिया में शामिल होते हैं, क्योंकि वे साझेदार हैं। ऐसा नहीं है कि शाहरुख खान बांग्लादेश और पाकिस्तान जाकर खिलाड़ियों का चयन करते हैं।'' उन्होंने कहा कि सब कुछ आईसीसी की सहमति से होता है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष के अनुसार, हर मुद्दे का राजनीतिकरण करना जरूरी नहीं है। उन्होंने पूछा, ''शाहरुख खान को निशाना बनाकर उन्हें क्या हासिल होगा?'' समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल किए जाने पर मचे बवाल पर सवाल उठाया। आजमी ने कहा, ''जिस खिलाड़ी को उन्होंने टीम में शामिल किया है, क्या उसने कभी हिंदुओं को नुकसान पहुंचाया है? साफ शब्दों में कहूं तो सरकारें ही नफरत फैलाती हैं। बांग्लादेश की शेख हसीना, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी, अब कहां हैं? उन्हें हमारे देश में रहने की इजाजत दी गई है। फिर तस्लीमा नसरीन का मामला है... इन सभी मुद्दों को देखकर साफ हो जाता है कि यह सब सिर्फ लोगों में नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है।'' उत्तर प्रदेश में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि भारत ने अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री को शरण क्यों दी है और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच क्यों खेला गया।

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने पीटीआई-

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

मानसिक रोग विशेषज्ञ

हड्डी रोग विशेषज्ञ